श्याम श्याम जपु | By Suren Namdev

पाँव में घुँघरू श्याम श्याम जपु, हाथ में ले खड़ताल
नाचूंगी मैं जमके आज ले श्री श्याम का नाम

धरती अम्बर चाँद और तारे हुए हैं मस्ताने
कौन सी लीला करेंगे अब ये कोई भी ना जाने
देखो कितना प्यारा लागे करते जो ये कमाल
नाचूंगी मैं जमके आज ले श्री श्याम का नाम

इनके ढंग हैं न्यारे देखो कहता जग ये सारा
इनका सोहणा रूप है देखो लागे कितना प्यारा
धुन में होकर मैं मतवाली मेरे पालनहार
नाचूंगी मैं जमके आज ले श्री श्याम का नाम

नाच मेरा आज देख के प्रभु मन ही मन मुस्काएं
हो रही हैं प्रेम की वर्षा अँखियाँ भर भर आये
धरती अम्बर चाँद और तारे हुए हैं मस्ताने
कौन सी लीला करेंगे अब ये कोई भी ना जाने
शरण में आजा शर्मा इनकी होना जे भाव पार
नाचूंगी मैं जमके आज ले श्री श्याम का नाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%aa%e0%a5%81-by-suren-namdev/